कार्यालय :– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर (राज.)

क्रमांक : स्था./2025/154 दिनांक : 28.07.25

–: कार्यालय–आदेश :–

धौलपुर न्यायक्षेत्र में न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर जाने के दौरान उनका नेतृत्व करके अग्रणी भूमिका निभाने एवं न्यायिक कार्यों के विपरीत रूप से प्रभावित होने के कारण माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्र क्रमांक **G/I/A-4(i)(a)162/2022/702** दिनांक 24.07.2025 द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर द्वारा एस.बी. किमी. विविध सजा स्थगन प्रार्थना पत्र (अपील) नंबर 1687/2024, एस बी किमी. अपील नंबर 2544/2024 में पारित आदेश दिनांक 24.07.25 को पारित आदेश में प्रदत्त निर्देशों के अनुसरण में **श्री विनय शुक्ला, सेरिश्तेदार ग्रेड तृतीय न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाडी, जिला धौलपुर हाल कार्यरत् रिकॉर्ड कीपर, अभिलेखागार, बाड़ी** के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जानी है।

अतः मैं अधोहस्ताक्षरकर्ता राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील)नियम 1958 में नियम 13(1)(क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **श्री विनय शुक्ला, सेरिश्तेदार ग्रेड तृतीय न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाडी जिला धौलपुर हाल कार्यरत् रिकॉर्ड कीपर, अभिलेखागार, बाड़ी** को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करता हूं तथा निलम्बन काल में **श्री विनय शुक्ला, सेरिश्तेदार गेड–तृतीय न्यायालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर** में उपस्थिति देंगे।

श्री विनय शुक्ला, सेरिश्तेदार ग्रेड–तृतीय को उनके निलम्बन कालावधि के दौरान नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

28/07/2025

अनुशासन प्राधिकारी
(जिला एवं सेशन न्यायाधीश)
धौलपुर

क्रमांक स्था./2025/2855-59 दिनांक 28.07.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाड़ी, जिला–धौलपुर
2. प्रभारी अधिकारी, अभिलेखागार, न्यायालय अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कम–1, बाड़ी जिला–धौलपुर
3. श्री विनय शुक्ला, लिपिक ग्रेड–प्रथम न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–01, बाडी जिला धौलपुर
4. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय धौलपुर/उक्त आदेश से संबंधित कर्मचारी को जरिये वाट्सएप अविलम्ब सूचित करें।
5. स्थापना शाखा
6. आदेश/संबंधित पत्रावली

28/7/2025

अनुशासन प्राधिकारी
(जिला एवं सेशन न्यायाधीश)
धौलपुर